सार समाचार

सुख समृद्धि की कामना कर मांगी खुशहाली



डूंगरपुर(प्रातःकाल संवाददाता)। अंनत चतुर्दशी के अवसर पर महिलाओं ने घर परिवार के सुख समृद्धि की कामनाओं के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का दौर दिन भर चला। शुक्रवार प्रात: से ही बडी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से जनजाति क्षेत्र की महिलाएं, बालिकाएं, युवक व पुरूष पूजा सामग्री लेकर फौ%ा का बड़ला स्थित रणछोड़ मंदिर व महादेव मंदिर पहुंच कर नारियल वधेरा तथा भगवान से सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान अनंत चतुर्दशी का रक्षा सूत्र धारण किया तथा धर्म प्रेमियों ने उपवास भी रखा। इधर जैन बोर्डिंग निवास पर जड़िया गेबीलाल श्रीमाल परिवार द्वारा कथा का श्रवण के पश्चात पूजा अर्चना व आरती के कार्यक्रम सम्पादित हुए। जहां पर बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के साथ अन्तिम दिन दस लक्षणीय पर्व सम्पन्न



डूंगरपुर(प्रातःकाल संवाददाता)। दिगम्बर जैन समाज के दस लक्षण पर्व के अन्तिम दिन शुक्रवार को उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पालना व कई धार्मिक अनुष्ठान के साथ सम्पन्न हुए। दस लक्षण पर्व के अन्तिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य व्रत सगीत की मधुर स्वर लहरियों के बीच विभिन्न पूजा अर्चना, वृहद शांतिधारा, शांतिविधान आदि सम्पन्न हुए। आज वासुपू%य भगवान का मोक्ष कल्याणक के अवसर पर श्रीजी पर अभिषेक व निर्वाण लाडू चढ़ाये गये। मंदिर परिसर में शांतिविधान पूजा एवं शांतिविधान के बीच प्रश्न पत्र के माध्यम से प्रश्नोत्तरी रखी गई जिसमे महिला व पुरूष-ब%चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। जिनालय में सोलहकारण, दस लक्षण, वासुपूज्य पूजा, सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान के साथ सम्पन्न हुई। इस अवसर पर महिला पुरूष धर्म प्रेमियों ने बडी भक्ती भाव से पूजा अर्चना की।

कर्मचारी संघ की संयुक्त संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन



साबला(प्रातःकाल संवाददाता)। पटवार संघ उपशाखा साबला के तत्वावधान में मुख्य सचिव के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पटवार संघ,कृषि पर्यवेक्षक संघ व ग्राम विकास अधिकारी संघ की संयुक्त समिति ने अवकाश के दिन कार्य नहीं करने की मांग की गई। इसमें समस्त विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

वल्लभ संप्रदाय के पीठाधीश्वर का हुआ स्वागत



सीमलवाड़ा(प्रातःकाल संवाददाता)। वल्लभ संप्रदाय के पीठाधीश्वर परम पूज्य 108 श्री जय वल्लभजी सीमलवाड़ा पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के तृतीय ग्रह पीठ प्रन्यास सीमलवाडा द्वारकाधीश हवेली में आगमन को लेकर मोड वणिक समाज के महिला पुरुषों द्वारा पीठाधीश्वर का पुष्प वर्षा से स्वागत करते हुए। बैंड बाजे के साथ में भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा के साथ में मंदिर परिसर तक आगमन किया। महिलाओं द्वारा जगह-जगह पीठाधीश्वर के जयकारे के साथ में श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण यण वासुदेवाय की धुन भी मधुर स्वर में बोली गई। वही द्वारकाधीश मंदिर में परम पूज्य द्वारा भगवान द्वारकाधीश की आरती उतारी गई। इस मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नवीन मेहता, सुरक्षा प्रवीण चंद्र कोठारी, समाज अध्यक्ष विपिन कोठारी, दत्तेश मेहता, हेमंत शाह, सतीश शाह, राकेशशाह, भूपेशकोठारी, बंसीलाल कोठारी, नरेंद्रउपाध्याय, अशोक उपाध्याय, पूर्व प्रधान निमिषा भगोरा, रूपचंद भगोरा, सरपंच विजयपाल डोडियार, आशीष, हरीश, चिराग, सहीत कई महिला पुरुष एवं गुजरात के समाज जन मौजूद रहे।

गंधकुटी में निकल शोभायात्रा, क्षमावाणी पर्व मनाया

सागवाड़ा(प्रातःकाल संवाददाता)। सकल दिगम्बर जैन समाज ने नगर के जूना मंदिर में ग्यारह दिवसिय दस लक्षण पर्यूषण महापर्व के समापन पर क्षमावाणी पर्व मनाते हुए गंधकुटी में भगवान को बिराजीत कर नगर में शोभायात्रा निकाली। नगर के आदिनाथ दिगम्बर जैन जूना मंदिर में संकल दिगम्बर जैन समाजल द्वारा ग्ररूवार को क्षमावाणी पर्व पर विविध प्रकार के धार्मिक आयोजन कर प्रात: जूना मंदिर में प्रतिष्ठाचार्य विनोद पगारीया के मंत्रोच्चारण के साथ मूलनायक आदिनाथ भगवान की प्रतिमा पर यजमान परिवार द्वारा वृहद शांतिधारा की गई। इस के पश्चात मंदिर प्रागण में प्राचिन दिगम्बर जैन आचार्य भट्टारक सकलकिर्ती महाराज जिनकी गादी आचार्य योगिन्द्र सागर महाराज की प्रेरणा से स्थापित की गई है उस गादी पर परम्परानुसार पूजा अर्चना कर यजमान परिवार द्वारा वस्त्र परिवर्तन किया।

एससी आरक्षण लॉटरी के पुनःपरीक्षण की मांग को लेकर कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन

डूंगरपुर(प्रातःकाल संवाददाता)। पंचायती राज संस्थाओं में अनुसूचित जाति के वार्डवार आरक्षण निर्धारण एवं 23 सितम्बर को हुई आरक्षण लॉटरी प्रक्रिया के पुन: परीक्षण की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभागए डूंगरपुर की ओर से जिलाध्यक्ष सुखदेव यादव के नेतृत्व में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर को शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में जिला परिषद के 37 वार्डों में केवल वार्ड संख्या 27 तथा विभिन्न पंचायत समितियों में निर्धारित एससी आरक्षण का उगेख करते हुए वार्डवार जनसंख्या के आधार पर आरक्षण की पुन: जांच,सभी वार्डों की एससी जनसंख्या प्रतिशतवार सूची एवं आरक्षण निर्धारण के आधार को सार्वजनिक करने की मांग की गई। साथ ही निर्धारित प्रतिशत, पात्रता एवं 5 प्रतिशत मानदंड, आरक्षण क्रम तथा पूर्व आरक्षण एवं रोटेशन व्यवस्था का नियमों के अनुसार सत्यापन करने का आग्रह किया गया। ज्ञापन में बताया कि यदि जांच में कोई विसंगति सामने आती है तो 23 सितम्बर की आरक्षण लॉटरी अथवा सूची में नियमानुसार आवश्यक संशोधन किया जाए।

पिंड में कबड्डी के हो रहे है रोमांचक मुकाबले, हर रेड पर बढ़ा रोमांच

दर्शकों की तालियों से गूंजा खेल मैदान



बड़ी सादड़ी(प्रातःकाल संवाददाता)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिंड में चल रही 70वीं जिला स्तरीय 19 वर्षीय छात्र वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में शुक्रवार को रोमांचक मुकाबले हुए। जिले भर से आये 780 खिलाड़ी प्रतियोगिता में दमखम दिखा रहे हैं। खिलाड़ियों की शानदार रेड मजबूत डिफेंस और आखिरी क्षण तक जीत के लिए संघर्ष ने मुकाबलों को रोमांचक बना दिया। मैदान के चारों ओर मौजूद दर्शक हर शानदार रेड और निर्णायक अंक पर तालियों से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। खास बात यह रही कि गांव की किसान महिलाएं भी घरेलू और खेती-किसानी के काम निपटाकर बड़ी संख्या में मैदान पहुंचीं। उनकी सक्रिय भागीदारी से प्रतियोगिता का माहौल और जीवंत हो गया। शुक्रवार को घटियावली ने सेमलिया को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। आयोजक टीम पिंड को सादी ने कड़े मुकाबले में पराजित किया। पीएम श्री कपासन को भालुड़ी ने, अरनिया पंथ को नपावली ने तथा मंडफिया (गंगरार) ने बड़वल को हराकर अगले दौर में जगह बनाई। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले शनिवार को समापन समारोह से पूर्व सुबह 8:00 बजे होंगे। सम्मान समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व डेयरी अध्यक्ष बद्रीलाल जाट (जगपुरा) होंगे।

वंदे मातरम गायन एक ही स्वर मे सामुहिक आयोजित

गंगरार (प्रातःकाल संवाददाता)। राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर देश में सामूहिक वंदे मातरम गायन एक समय,एक स्वर, एक लय आयोजन के तहत गंगरार के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगरार द्वारा शहीद मेजर नटवर सिंह स्टेडियम गंगरार में सम्पन्न हुआ है। प्रात: 10:30 बजे कार्यक्रम प्रारंभ हुआ और सामूहिक वंदे मातरम का गायन 11:00 बजे किया गया । इसमें गंगरार के सभी राजकीय एवं निजी विद्यालय के छात्र- छात्राएं एवं अध्यापक तथा कार्मिकों सहित हजारों की संख्या में भाग लिया । कार्यक्रम में चांदमल खटीक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गंगरार, राजेन्द्र कुमार काकाणी पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी गंगरार, डॉ सरिता कुमार आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी राजमल श्रौत्रिय प्रधानाचार्य विद्या निकेतन विद्यालय गंगरार अध्यक्ष लक्ष्मी लाल पंचोली उपस्थित रहे । मुख्य वक्ता गोपाल कृष्ण चतुर्वेदी ने वन्देमातरम् गीत की महत्ता एवं इतिहास के संबंध जानकारी दी। सचिव शम्भू लाल लखारा ने बताया कि गंगरार के मेवाड़ विश्व विद्यालय में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भूपालसागर में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

स्थायी समाधान नहीं होने से उपभोक्ताओं में रोष



भूपालसागर। (प्रातःकाल संवाददाता)। उपखंड मुख्यालय भूपालसागर सहित आसपास के क्षेत्र में बिजली की बार-बार ट्रिपिंग से आमजन परेशान हैं। बिजली लंबे समय तक बंद नहीं रहती, लेकिन थोड़ी-थोड़ी देर में बार-बार सप्लाई बंद होने और फिर चालू होने से घरेलू कामकाज के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि बार-बार की इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं। उपभोक्ताओं के अनुसार, बिजली की सप्लाई में बार-बार व्यवधान आने पर जब विभागीय कर्मचारियों और अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो फॉल्ट, लाइन की समस्या , मेंटेनेंस कार्य का हवाला दिया जाता है। कुछ समय बाद बिजली बहाल होने के बावजूद ट्रिपिंग की समस्या फिर शुरू हो जाती है। इससे उपभोक्ताओं में विभागीय व्यवस्था को लेकर नाराजगी बढ़ रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि जब उपखंड मुख्यालय पर ही बिजली व्यवस्था बार-बार प्रभावित हो रही है तो ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। किसानों के विद्युत उपकरण और मोटरें बार-बार बंद होने से काम प्रभावित हो रहा है। साथ ही अचानक बिजली आने-जाने से विद्युत उपकरणों के खराब होने की आशंका बनी रहती है। बार-बार बिजली आने-जाने से घरों और दुकानों में लगे फ्रिज, टीवी, एसी, इनवर्टर सहित अन्य विद्युत उपकरणं जल जाते हैं और खराब हो रहे हैं ।

युवक को बहन के घर बंधक बनाकर जंगल और घर मे पीटा

35 हजार और फोन लूटा

भीलवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। जिले के जहाजपुर थाना क्षेत्र से एक बेहद खौफनाक और इंसानियत को झकझोर देने वाली वारदात सामने आई है। बहन के घर पारिवारिक रसोई कार्यक्रम में शामिल होने आए एक युवक को कुछ दबंगों ने पहले बहला फुसलाकर जंगल में अगवा किया। वहां बेरहमी से पीटा, और फिर घर में बंधक बनाकर क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। आरोपी, पीड़ित से 35 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन लूटकर उसे एक सुनसान रास्ते पर फेंककर फरार हो गए। इस दुस्साहसिक घटना से इलाके में दहशत है। पुलिस के अनुसार, बिलेठा गांव निवासी राधेश्याम (44) पुत्र गंगाराम रैगर सरसिया गांव में अपनी बहन के यहां आयोजित रसोई कार्यक्रम में शरीक होने आया था। इसी दौरान, मुकेश नामक युवक वहां पहुंचा और राधेश्याम को किसी बहाने से अपनी बाइक पर बैठाकर बहला-फुसलाकर पास ही के एक जंगल छापर में ले गया। जंगल में पहुंचते ही मुकेश और बीरम सहित उसके दो अन्य साथी पहले से ही वहां मौजूद थे। तीनों ने मिलकर राधेश्याम के साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। आरोपी पीड़ित को अपने मकान पर ले गए। मकान के अंदर राधेश्याम को बंधक बनाकर दोबारा बर्बरतापूर्वक पीटा गया। जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान दबंगों ने उसकी जेब से 35 हजार रुपये नकद और उसका मोबाइल फोन भी जबरन छीन लिया। लंबे समय तक टॉर्चर करने और लूटपाट को अंजाम देने के बाद, जब आरोपियों को लगा कि पीड़ित की हालत गंभीर हो गई है, तो वे उसे उठाकर गांव के एक सुनसान रास्ते पर पटककर मौके से फरार हो गए। किसी तरह होश में आने के बाद पीड़ित बदहवास हालत में अपने परिजनों के पास पहुंचा और आपबीती सुनाई। घटना के अगले दिन यानी शुक्रवार को पीड़ित राधेश्याम ने जहाजपुर थाने पहुंचकर आपबीती बताई और नामजद आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दी। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल मुआयना कराकर आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। जहाजपुर थाना पुलिस का कहना है कि तीनों आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

विकसित भारत 2047 पर सैनिक स्कूल के कैडेट्स ने किया गहन मंथन

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। सैनिक स्कूल में कक्षा बाहरवीं के कैडेट्स के लिए विकसित भारत 2047 भारत के विकसित राष्ट्र बनने की रूपरेखा एक वास्तविक लक्ष्य या आकांक्षी दृष्टि विषय पर एक विशेष एवं ज्ञानवर्धक संगोष्ठी का आयोजन स्कूल प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया एवं उप प्राचार्या लेफ्टिनेंट कर्नल ईशा ठकराल के निर्देशन में किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य कैडेट्स को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना, उसकी संभावनाओं, चुनौतियों तथा युवाओं की भूमिका से परिचित कराना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूतपूर्व सैनिक सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल देव आनंद लोहमरोड़ रहे। उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रोजगार, आधारभूत संरचना, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, सुशासन और नागरिक जिम्मेदारी जैसे क्षेत्रों में समग्र विकास आवश्यक है। मुख्य अतिथि कर्नल देव आनंद ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की युवा शक्ति देश की सबसे महत्वपूर्ण संपदाओं में से एक है।

राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य काकंरवा में 6 माह से अधिक डॉक्टर का पद रिक्त को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



काकंरवा (प्रातःकाल संवाददाता)। ग्राम कांकरवा में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री के नाम भूपालसागर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि कांकरवा में लंबे समय से डॉक्टर का पद रिक्त चल रहा है, जिसके कारण काकंरवा क्षेत्र पारी, फलासिया, पटोलीया, निलोद गाँव पचायंत व पचायंत के लगने वाले 16 गांव के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वर्तमान में क्षेत्र में मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ा हुआ है, जिसके चलते बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए अस्पतालों का रुख कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार रोजाना करीब 50 से 100 मरीज उपचार एवं जांच के लिए दूर-दराज के अस्पतालों में जा रहे हैं। इससे मरीजों एवं उनके परिजनों को आने-जाने में समय और आर्थिक खर्च के साथ परेशानी उठानी पड़ रही है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान दूल्हे सिंह राणावत, लादुनाथ योगी, आशीष जाटोलिया, दिनेश रेगर, शंकर लाल रेगर सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

सीएमएचओ से बात कर टेम्परेरी व्यवस्था का आश्वासन

ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद एसडीएम ने आश्वासन दिया कि सीएमएचओ चित्तौड़गढ़ से बात कर टेम्परेरी व्यवस्था करवाने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि कांकरवा क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था बनी रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन के इस आश्वासन के बाद जल्द चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध होने की उम्मीद जताई।

दो सड़क हादसों में दो युवकों की दर्दनाक मौत, मातम में डूबे परिवार

भीलवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। जिले में सड़क हादसों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में पिछले कुछ दिनों में घटित दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवा अपनी जान गंवा बैठे। पुलिस के अनुसार एक हादसे में तेज रफ्तार ईको कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जबकि दूसरे हादसे में बाइक फिसलने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

इन दोनों घटनाओं से मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया है। आसींद थाने के एएसआई हरीश राव ने बताया कि आकड़सादा निवासी पप्पू (35) पुत्र पन्नालाल गुर्जर गुरुवार दोपहर अपनी बाइक से आसींद से भीलवाड़ा की ओर जा रहा था। पप्पू सवाई भोज चौराहे से आगे नेशनल हाईवे पर पहुंचा, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ईको कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर में पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत आसींद और फिर गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया है और परिजनों के आने के बाद शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जाएगा। वहीं दूसरा दर्दनाक हादसा कारोई थाना इलाके में हुआ। पुलिस के अनुसार, हमीरगढ़ थाना सर्किल के बरड़ोद गांव का रहने वाला कोमल सिंह (19) पुत्र मूलसिंह 15 सितंबर की देर रात मुजरास टोल के पास से बाइक पर सवार होकर अपने गांव के लिए रवाना हुआ था। मुजरास गांव के नजदीक अचानक बाइक दुर्घटना का शिकार हो गई। इस हादसे में कोमल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसे राजसमंद जिले के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया। वहां उपचार के दौरान कोमल सिंह ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने राजसमंद के आरके हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

कलक्टर ने भामाशाहों का किया सम्मान

चित्तौड़गढ़ । राजकीय विद्यालयों के शैक्षिक उन्नयन एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास में सहयोग करने वाले भामाशाहों को जिला कलक्टर डॉ. मंजु द्वारा भामाशाह सम्मान कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला कलेक्टर डॉ. मंजु की इस पहल से राजकीय विद्यालयों के विकास में भामाशाहों की भागीदारी को बढ़ावा मिल रहा है। समिति कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलक्टर ने कहा कि भामाशाहों का सहयोग बच्चों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। समाज के सहयोग से विद्यालयों में कक्षा-कक्ष निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों को गति मिल रही है, जिससे विद्यालयों की तस्वीर बदल रही है। उन्होंने सम्मानित भामाशाहों के योगदान को अनुकरणीय बताते हुए अन्य भामाशाहों से भी राजकीय विद्यालयों के विकास से जुड़कर सहयोग करने का आह्वान किया। जिला कलेक्टर ने कहा कि विद्यालय केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं हैं, बल्कि समाज की सक्रिय भागीदारी से इनके विकास को नई दिशा दी जा सकती है। इसी उद्देश्य से उनके द्वारा शुरू किए गए नवाचार के तहत विद्यालय विकास में उल्लेखनीय सहयोग करने वाले भामाशाहों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जा रहा है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा ने बताया कि विभिन्न राजकीय विद्यालयों के विकास के लिए भामाशाहों ने कुल 11 लाख 94 हजार 1 रुपये का आर्थिक सहयोग दिया है।

श्रद्धा और उत्साह के साथ निकली शासन ध्वज यात्रा

निम्बाहेड़ा। वर्धमान तपोत्सव चातुर्मास समिति, निम्बाहेड़ा के तत्वावधान में परम पूज्य प्रन्यास प्रवर श्री राजरत्न विजय जी महाराज साहब की 99वीं ओलीजी की पूर्णता के पावन निमित्त त्रिदिवसीय धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला में शुक्रवार को शासन ध्वज यात्रा का आयोजन श्रद्धा, उत्साह एवं धार्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। यात्रा का शुभारंभ श्री राजेन्द्र सूरी ज्ञान मंदिर से हुआ। आयोजन की विशेष आकर्षण एवं गौरवपूर्ण विशेषता रहा 800 फीट लंबा विशाल जिनशासन ध्वज, जिसे श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ थामकर नगर के प्रमुख मार्गों से यात्रा निकाली। विशाल ध्वज के साथ आगे बढ़ती धर्मप्रेमियों की कतार ने पूरे वातावरण को जिनशासन की भक्ति एवं गौरव से भर दिया।

YES BANK यस बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : यस बैंक हाऊस, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, सांताक्रूज वेस्ट, मुम्बई-400055
शाखा कार्यालय : 4थीं मंजिल, आनंद भवन, प्लाट नं. 307, संसार चन्द्र रोड, चौकरी हवेली, जयपुर - राजस्थान - 302001.

परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]

आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता यस बैंक लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 13(12) के नियम (3) अधिनियम 2002 एवं सपठित नियमों के नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना दिनांक **24 जून 2026** जिसमें माँग करते हुए ऋणी **श्री यशवंत के जैन पुत्र श्री कस्तूरचंद जैन** (ऋणी), **राजस्थान कार बाजार वास्ते प्रोप्राइटर श्री यशवंत कुमार कस्तूरचंद जैन** (सह-ऋणी), **श्रीमती देवी उर्फ देवी बाई** (सह-ऋणी) ऋणी खाता नं. **MIC004901840342** से नोटिस में वर्णित राशि **रुपये 39,08,410.89/- (रु. उनचालीस लाख आठ हजार चार सौ दस एवं नवासी पैसे मात्र) 24 जून 2026** तक आगे का बयाज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतरचुकाने के लिए कहा गया था।

ऋणी, सह-ऋणी, बंधककर्ता एवं जमानतदार के वह राशि लोटाने में विफल होने पर ऋणी, सह-ऋणी, बंधककर्ता, जमानतदार को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा दिनांक **22 सितंबर 2026** को ग्रहण कर लिया है।

ऋणी, सह-ऋणी, बंधककर्ता एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार **रुपये 39,08,410.89/- (रु. उनचालीस लाख आठ हजार चार सौ दस एवं नवासी पैसे मात्र) 24 जून 2026** तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि यस बैंक के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणी/बंधककर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल संपत्ति विवरण

संपत्ति के सभी अभिन्न अंग स्थित प्लॉट नं. 02, आराजी नं. 1296, ग्राम अदकालिया, पतवार मंडल अदकालिया, तहसील सलूंबर, जिला उदयपुर, राजस्थान, क्षेत्रफल 1749.0 वर्ग फीट एवं श्री यशवंत जैन पुत्र श्री कस्तूरचंद जैन के स्वामित्व में एवं निचे वर्णित **चतुर्सीमाएँ:** उत्तर: श्री मेघा पिता कालू जी मीना की कृषि भूमि, दक्षिण: सलूंबर से उदयपुर मेन रोड, पूर्व: प्लॉट नं. 03 श्रीमती सुमित्रा एवं श्रीमती जया, पश्चिम: प्लॉट नं. 01 श्रीमती सुमित्रा एवं श्रीमती जया

हस्ता/-
स्थान : सलूंबर, उदयपुर प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 22/09/2026 यस बैंक लिमिटेड

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.10.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

चित्तौडगढ़, बापू नगर चित्तौडगढ़, 0116670700025117, 5606, 5644, 5647, 6506, 6521, 6525, 6532, 6537, 6550, 6560, 6564, 6578, 6581, 6583, 6588, 6589, 6612, 0116670730046435, 6458, 0098, 0144, 0182, 0238, 0239, 0250, 0253, 0290, 0300, 0302, 0303, 0306, 0310, 0339, 0353, 0355, 0380, 0385, 0386, 0412, 0414, 0427, 0444, 0224, मीरा नगर चित्तौडगढ़, 0124830700022301, 2357, 2358, 2360, 3132, 3158, 3187, 3215, 3241, 3247, 3252, 3267, 3283, 3288, 3296, 3305, 3310, 0124830730033685, 4271, 4283, 4288, 4301, 4304, 4305, 4321, 4337, 4369, 4372, 4396, 4398, 4402, 4407, 4434, 4435, 4452, राजसमंद, कांक्रोली, 0135730700014115, 6161, 6231, 7067, 7115, 7120, 7123, 7124, 0135730730056675, 6777, 6792, 6795, 6825, 6864, 6875, 6881, 6902, 6946, 6949, 6950, 6954, 6967, न्यू रोड नाथद्वारा, 0138020700005115, 5529, 6086, 6120, 6148, 6152, 6154, 6160, 6166, 6171, 6174, 0138020730033462, 5582, 5583, 5655, 5660, 5662, 5670, 5683, 5684, 5690, 5694, 5707, 5709, 5713, 5718, 5719, राजसमंद, 0137900700005249, 5261, 5799, 5827, 5873, 5874, 5876, 5884, 5893, 5900, 5901, 5914, 5924, 5925, 0137900730018754, 1393, 1926, 2015, 2016, 2054, 2087, 5986, 6007, 6010, 6019, 6041, 6042, 6053, 6057, 6063, 6087, 6099, 6104, 6114, 6115, 6116, 6127, उदयपुर, हिरान मंगरी उदयपुर, 0113790700031357, 2139, 2176, 2380, 2453, 2497, 2520, 3346, 3433, 3460, 3478, 3483, 3497, 3507, 3520, 3523, 3532, 3616, 0113790730046436, 7037, 7095, 1559, 1579, 1582, 1590, 1704, 1719, 1724, 1732, 1735, 1738, 1740, 1741, 1745, 1770, 1771, 1772, 1774, 1778, 1779, 1780, 1783, 1785, 1792, 1793, 1795, 1801, 1820, 1829, 1830, 0137, केशव नगर चौराहा, 0126580700019335, 2625, 2719, 3521, 3533, 3539, 3554, 3575, 0126580730023760, 3938, 8799, 8901, 8924, 8926, 8927, 8929, 8939, 8948, 8973, 8992, 8995, 9005, 9009, 9014, 9016, 9031, 9055, 9056, 9070, 9072, 9077, 9079, 9080, 9086, 9109, 9115, 9120, 9124, 9131, 9138, 9139, 9140, 9145, 9146, 9147, 9157, 9158, 9164, 9168, 9169, 9171, 9178, 9179, 9181, प्रताप नगर उदयपुर, 0114260700025751, 5766, 5767, 5774, 5799, 5807, 5810, 6491, 6558, 6566, 6567, 6570, 6580, 6584, 6586, 6602, 6605, 6606, 6607, 6617, 6618, 6624, 6634, 6636, 6644, 6645, 6647, 6652, 6653, 0114260730018159, 9896, 3804, 3930, 3945, 3950, 3952, 3965, 3968, 3969, 3970, 3972, 3993, 4009, 4013, 4014, 4015, 4018, 4021, 4027, 4028, 4029, 4030, 4046, तोरण बावड़ी उदयपुर, 0113780700025439, 6673, 8349, 8407, 8444, 8459, 8463, 8497, 8526, 8539, 8541, 8542, 8544, 8546, 0113780730028075, 8128, 2970, 3020, 3066, 3224, 3225, 3226, 3247, 3257, 3263, 3265, 3287, 3288, 3308, 3342, 3363, 3367, 3369, 3371, 3372, 3397, 3400, 3414, 3419, 3420, 3434, 3435, 3441, 3443, 3456, 3460, 0185, 0190,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.